C 62517 (Pages : 3) Name..............................

Reg. No..............................

SECOND SEMESTER (CUCBCSS—UG) DEGREE EXAMINATION, MAY 2019

B.Com./B.B.A.—Hindi

A09 (2)—LITERATURE IN HINDI

(2014 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'थोडी सी जगह' का कवि कौन है ?

(कुंवर नारायण, राजेश जोशी, एकांत श्रीवास्तव, केदारनाथ सिंह)

2 'स्त्री जो महज त्वचा है' का लेखक कौन है ?

(कुबेरनाथ राय, विद्यानिवास मिश्र, सुधीश पचौरी, दिनकर)

3 'चीनी फेरीवाला' किसकी रचना है ?

(गुणाकर मुले, महादेवी वर्मा, रामचंद्र शुक्ल, अज्ञेय)

4 प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या है ?

(सुमनराय, संपत्तराय, धनपतराय, नवाबराय)

5 इनमें अरूण कमल की कविता कौन-सी है ?

(बेजगह, नियम, डेली पैसेंजर, आजादी के गीत)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'कुसुम के प्रति' का कवि कोन है ?

7 कबीर की भाषा कौन-सी है ?

8 'ताज' निबंध का लेखक कौन है ?

9 सूरदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौन-सी है ?

10 'बेजगह' किसकी लिखी कविता है ?

(10 × 1 = 10 marks)

Turn over

Scanned with CamScanner

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 चीनी फेरीवाला गिरहकटों के हाथ से कैसे बच गया ?

12 किस उद्देश्य से मातादीन चाँद पर बुलाया गया ?

13 प्रेमचंद का प्रथम कहानी संग्रह कौन-सा है ? वह क्यों जब्त किया गया ?

14 'चुपके से झर, तुमने फल को

निज सौंप दिया जीवन, यौवन'—ये पंक्तियाँ किस कविता की हैं ? इसका कवि कौन है ?

15 खेलने के लिए दूर जाने पर यशोदा कृष्ण को क्यों रोकती है ?

16 'रात के संतरी की कविता' में किसका चित्रण हुआ है ?

17 कंप्यूटर को क्यों बौद्धिक मशीन कहा जाता है ?

18 कवि की मृत्यु पर सूरज क्या बोला ?

19 'हड्डी-खोपडी विहीन वह शुभ दिन आ ही गया आखिर हमारे देश में'—यहाँ कवि के विचार में हड्डी-खोपडी विहीन होने से क्या तात्पर्य है ?

20 'डेली पैसेंजर' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

21 मानव जीवन के बारे में कबीर विचार क्या है ?

22 'स्नेह और जीवन की अंतिम घडियाँ थीं, उन सुखमय दिनों का प्रेम तथा आह्लाद से पुर्ण छलकते हुए उस जीवन का अब अंत होनेवाला था' ।—यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका लेखक कौन है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 प्रेम न बारी ऊपजै, प्रेम न हाटि बिकाय ।

राजा परजा जिहिं रूचै सीस देह लै जाय ।।

24 जिनका कोई घर नहीं होता–

उनकी होती है भला कौन-सी जगह ?

कौन सी जगह होती है ऐसी

जो छूट जाने पर

औरत हो जाती है ।

Scanned with CamScanner

25 करूणा-रंजित जीवन का सुख

जग की सुन्दरता अश्रु-स्नात,

करूणा ही से सार्थक होते

चिर जन्म-मरण, संध्या-प्रभात !

26 वह टिमटिमाता हुआ दीपक, भारत सम्राट के स्नेह का वह जलता हुआ चिराग बुझ रहा था । अब भी स्नेह बहुत था किंतु अकाल काल का झोंका आया; वह झिलमिलाती हुई लौ उसे सहन नहीं कर सकी ।

27 हनुमान का दर्शन करना कर्तव्य-परायण पुलिसवाले के लिए जरूरी है । हनुमान सुग्रीव के यहाँ स्पेशल ब्रांच में थे । उन्होंने सीता माता का पता लगाया था ।

28 तुम्हारी कहानियों में 'सिडीशन' भरा हुआ है । अपने भाग्य को बखानो कि अंग्रेजी अमलदारी में हो ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'स्त्री महज त्वचा है' में अभिव्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए ।

30 'जीवन सार' के आधार पर प्रेमचंद के जीवन संघर्षो पर प्रकाश डालिए ।

31 'थोडी सी जगह' कविता का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

Scanned with CamScanner